मध्य प्रदेश में चौथा क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आयोजित

चर्चा में क्यों?

क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का चौथा संस्करण आज, 27 सितंबर, 2024 को मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में आयोजित किया जा रहा है।

- इस महत्त्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य **बुंदेलखंड क्षेत्र** में **निवेश आकर्षित करना** और **समान विकास को बढ़ावा देना है** ।

मुख्य बिंदु:

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव **क्षेत्रीय सत्रों में भाग लेंगे** और उद्योगपतियों के साथ **आमने-सामने चर्चा करेंगे।**
- **इस सम्मेलन में पेट्रोकेमिकल्स,** प्लास्टिक, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, MSME, स्टार्टअप और **स्थानीय कुटीर उद्योग,** विशेष रूप से **बीड़ी उद्योग** पर केंद्रित विभिन्न क्षेत्रीय सत्र होंगे। इन सत्रों का उद्देश्य उद्योग-विशिष्ट चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना है।
- **मुख्यमंत्री** कई नई और प्रस्तावित परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।
    - इनमें क्षेत्रीय कार्यालयों के लिये **प्रस्तावित भूमि आवंटन, मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (MPIDC)** का **भूमि पूजन और** कई ज़िलों में **ज़िला निवेश प्रोत्साहन केंद्रों** का उद्घाटन शामिल है।
- **बीड़ी उद्योग** के लिये विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी, साथ ही **'एक ज़िला-एक उत्पाद' पहल** के तहत स्थानीय उत्पादों के विपणन और प्रसंस्करण के लिये रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी ।
- **यह सम्मेलन 7-8 फरवरी, 2025** को भोपाल में आयोजित होने वाले "**इन्वेस्ट मध्य प्रदेश-ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025**" के लिये एक पूर्व-कार्यक्रम है।
- शिखर सम्मेलन का उद्देश्य मध्य प्रदेश को एक अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP)

- ODOP देश के प्रत्येक ज़िले के एक उत्पाद को बढ़ावा देने और ब्रांडिंग करके ज़िला स्तर पर **आर्थिक विकास को बढ़ावा** देने की एक पहल है।
    - इसका उद्देश्य प्रत्येक ज़िले की **स्थानीय क्षमता, संसाधनों, कौशल** और **संस्कृति का लाभ उठाना तथा घरेलू** और **अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों** में उनके लिये एक विशिष्ट पहचान बनाना है।
- देश के सभी **761 ज़िलों** से **1000 से ज़्यादा उत्पादों** का चयन किया गया है। इस पहल में **कपड़ा, कृषि, प्रसंस्कृत सामान, फार्मास्यूटिकल्स** और **औद्योगिक वस्तुओं** सहित कई तरह के क्षेत्र शामिल हैं।
- इसके अलावा, जनवरी 2023 में स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच में भारतीय मंडप में कई ODOP उत्पाद प्रदर्शित किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-hosts-4-th-regional-industry-conclave